# आयुष्मान भारत "निरामयम" मध्यप्रदेश
## (दीन दयाल स्वास्थ्य सुरक्षा परिषद्)
जय प्रकाश अस्पताल, आई.ई.सी. ब्यूरो प्रथम तल भोपाल

क्रमांक / एस.एच.ए / ए.बी / 2024 / 2941 भोपाल, दिनांक 19/09/2024

प्रति,

जिला–कलेक्टर (समस्त)
मध्यप्रदेश।

**विषयः– आयुष्मान पखवाड़ा (20–30 सितम्बर 2024) के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश।**

जैसा कि आपको विदित होगा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 23 सितम्बर 2018 से आयुष्मान भारत "निरामयम्" योजना शुरू की गई है। अभी तक 6 वर्ष के संचालन के उपलक्ष्य पर दिनांक 20 से 30 सितम्बर 2024 तक "आयुष्मान आपके द्वार" थीम पर इस वर्ष का आयुष्मान पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के बारे में जागरूकता फैलाना है तथा अधिक से अधिक आयुष्मान हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाना है।

संबंधित पखवाड़ा के दौरान, जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, जिनका विवरण नीचे दिया गया है। आपसे अनुरोध है कि इन सभी कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें तथा आयुष्मान पखवाड़ा कार्यक्रम के उपरांत किये गये कार्यो की समीक्षा की जावे तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्था को पुरस्कृत किया जावे।
प्रतिदिन कार्यक्रम का थीम निम्नानुसार हैः–

1. 20 सितम्बरः– आयुष्मान अस्पताल स्तर कार्यक्रम ।
2. 21 सितम्बरः– ग्राम पंचायत स्तर पर किये जाने वाले कार्यक्रम
3. 22 सितम्बरः– समस्त स्तरो पर आयुष्मान प्रचार प्रसार।
4. 23 सितम्बरः– आयुष्मान दिवस गतिविधियां।
5. 24 सितम्बरः– आयुष्मान कार्य – स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर।
6. 25 सितम्बरः– जिला स्तर कार्यशाला/ चर्चा सत्र
7. 26 सितम्बरः– ब्लॉक स्तर पर आयुष्मान मेला एवं जांच शिविर
8. 27 सितम्बरः– 70 के नागरिको हेतु आवश्यक कार्य
9. 28 सितम्बरः– समस्त स्तर पर मीडिया प्रबंधन।
10. 29 सितम्बरः– राज्य स्तर पर आयुष्मान दौड़ का आयोजन ।
11. 30 सितम्बरः– समारोह एवं पुरस्कार वितरण

सभी जिला स्तर के कार्यक्रमों की जानकारी ऊपर प्रदान की गई है। इसके साथ ही जिला स्तर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी के लिए एक अनुलग्नक भी संलग्न है। इन सभी कार्यक्रमों के सुचारू रूप से आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किए जाएं।

आपके सहयोग और सक्रिय योगदान से यह आयुष्मान पखवाड़ा सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सकेगा। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों को समुचित सम्मान के साथ आमंत्रित किया जावे तथा अपने स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा की जावे।

18.9.24

(संदीप यादव)
प्रमुख सचिव
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग
मध्यप्रदेश

क्रमांक /एस.एच.ए/ए.बी/2024/2942

भोपाल, दिनांक 19/09/2024

प्रतिलिपिः–

1. अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश।
2. आयुक्त स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत "निरामयम्" भोपाल मध्यप्रदेश।
4. कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत "निरामयम्" भोपाल मध्यप्रदेश।
5. वित्त अधिकारी, आयुष्मान भारत "निरामयम्" भोपाल मध्यप्रदेश।
6. महाप्रबंधक (ऑपरेशन), आयुष्मान भारत "निरामयम्" भोपाल मध्यप्रदेश।

18.9.24

प्रमुख सचिव
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग
मध्यप्रदेश

# आयुष्मान पखवाड़ा 2024:— कार्यक्रम योजना का अवलोकन

आयुष्मान भारत योजना, जो 23 सितंबर 2018 को शुरू की गई थी, के तहत 20 से 30 सितंबर 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान मध्य प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जिनका उद्देश्य योजना के लाभों के प्रति जागरूकता फैलाना और समुदायों को शामिल करना है, विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए नीचे प्रस्तावित कार्यक्रमों का सारांश प्रस्तुत हैः—

मुख्य कार्यक्रमों में शामिल हैं:—

1. आपके द्वार आयुष्मानः— यह एक घर—घर जागरूकता और नामांकन अभियान है जिसका उद्देश्य लाभार्थियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाना है।
2. आयुष्मान चौपाल / आयुष्मान सभाः— पंचायतों और ग्राम सभाओं में सामुदायिक स्तर पर चर्चाएं और जागरूकता बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य जमीनी स्तर पर जागरूकता और सहभागिता बढ़ाना है।
3. जिला स्तर सम्मान समारोहः— यह एक सम्मान समारोह होगा, जिसमें आयुष्मान भारत के सफल कार्यान्वयन में शामिल अस्पतालों, आशा कार्यकर्ताओं और अन्य हितधारकों के योगदान और उपलब्धियों को मान्यता दी जाएगी।
4. आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच शिविरः— यह स्वास्थ्य शिविर होंगे जो सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में निःशुल्क जांच सेवाएँ प्रदान करेंगे, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और हाशिए के समुदायों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
5. आयुष्मान भारत यात्रा (साइकिल/बाइक):— यह प्रतीकात्मक साइकिल या बाइक रैली होगी, जिसमें आयुष्मान भारत को बढ़ावा दिया जाएगा और जिलों व पंचायतों में दृश्यता बढ़ाई जाएगी।
6. स्कूलों/कॉलेजों में प्रतियोगिताएं:— स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर छात्रों को शामिल करने के लिए निबंध लेखन, चित्रकला, और स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, साथ ही आयुष्मान भारत योजना के प्रति समर्थन की शपथ भी दिलाई जाएगी।
7. आयुष्मान के लिए दौड़:— यह एक मैराथन या इसी प्रकार की सार्वजनिक भागीदारी वाली गतिविधि होगी, जिसमें स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित किया जाएगा और योजना को बढ़ावा दिया जाएगा।
8. मीडिया प्रबंधन और सोशल मीडिया अभियानः— राष्ट्रीय और स्थानीय मीडिया के साथ समन्वयित प्रयास किए जाएंगे, साथ ही डिजिटल सहभागिता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया अभियानों को मजबूत किया जाएगा।

विस्तृत कार्यकम तालिका

| दिनांक | कार्यकम |
|---|---|
| आयुष्मान कार्ड एवं आभा आई.डी. निर्माण (सतत् रूप से आयोजित किये जाने वाले कार्यकम) | विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (PVTG),भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मण्डल, गैस राहत तथा NFSA के हितग्राहियो के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु विशेष कार्यकम का शुभांरभ। |
| 20 सितम्बर<br><br>(आयुष्मान अस्पताल स्तर कार्यकम) | ➢ समस्त योजनांतर्गत संबद्ध चिकित्सालयों में आयुष्मान शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन।<br>➢ समस्त योजनांतर्गत संबद्ध चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड एवं आभा आई.डी. निर्माण कार्य।<br>**कार्यक्रम का नामः-- मेरा अस्पताल आयुष्मान।** |
| 21 सितम्बर (ग्राम पंचायत स्तर पर किये जाने वाले कार्यकम) | ➢ डोर–टू–डोर आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से आयुष्मान कार्ड एवं आभा आई.डी. निर्माण कार्य।<br>➢ ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर आयुष्मान कार्ड एवं आभा आई.डी. निर्माण कार्य।<br>**कार्यक्रम का नामः-- आयुष्मान आपके द्वार** |
| 22 सितम्बर (आयुष्मान प्रचार प्रसार समस्त स्तरो पर) | ➢ जिला एवं पंचायत स्तर पर बाईक रैली साईकिल रैली व प्रभात फेरी का आयोजन।<br>**कार्यक्रम का नाम :-- आयुष्मान प्रचार प्रसार** |
| 23 सितम्बर (आयुष्मान दिवस गतिविधियां) | ➢ जिला स्तर पर आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभांरभ जिसमें माननीय जनप्रतिनिधि गण को सम्मिलित किया जाए एवं कार्यशाला का आयोजन करे।<br>➢ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गाँवों में जागरूकता फैलाना।<br>➢ आयुष्मान कार्ड एवं आभा आई.डी.निर्माण और योजना जागरूकता के लिए विभिन्न हितधारकों की भागीदारी।<br>➢ जिला क्रियान्वयन इकाई (DIU) की समीक्षा बैठक का आयोजन।<br>➢ हितग्राही संवाद।<br>➢ इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से लाइव प्रसारण।<br>कार्यक्रम का नामः-- आयुष्मान चौपाल / आयुष्मान सभा |
| 24 सितम्बर (आयुष्मान कार्य – स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर) | ➢ सभी जिलों में स्कूल और कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिताएँ :- चित्रकला, नारा लेखन, निबंध प्रतियोगिता।<br>➢ स्कूलों और कॉलेजों में आयुष्मान भारत योजना की शपथ समारोह।<br>**कार्यक्रम का नामः-- स्कूलों/कॉलेजों में प्रतियोगिताएं** |
| 25 सितम्बर (जिला स्तर कार्यशाला/ | ➢ पंचायत स्तर पर आयुष्मान ग्राम सभाएँ आयुष्मान चौपालें एवं पात्र हितग्राहियो से वाचन।<br>**कार्यक्रम का नाम :-- जिला स्तर सम्मान समारोह** |

| | |
|---|---|
| चर्चा सत्र) | |
| 26 सितम्बर (ब्लॉक स्तर पर आयुष्मान मेला एवं जांच शिविर) | ➢ ब्लॉक स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और आयुष्मान मेला के साथ अस्पताल–आधारित कार्यक्रम।<br>➢ आयुष्मान भारत "निरामयम्" एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत जिला शिकायत निवारण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन।<br>**कार्यक्रम का नाम:–  आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच शिविर** |
| 27 सितम्बर (70+ के नागरिको हेतु आवश्यक कार्य) | ➢ वृद्धाश्रम, अस्पतालों, अन्य स्थानों पर 70+ के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एवं ABHA आईडी निर्माण।<br>**कार्यक्रम का नाम:–  आपके द्वार आयुष्मान** |
| 28 सितम्बर (समस्त स्तर पर मीडिया प्रबंधन) | ➢ मीडिया प्रचार, सेल्फी पाइंट, वॉल पेंटिग, पोस्टर्स, पैम्पलेटस एवं अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार कार्यक्रम।<br>**कार्यक्रम का नाम:– मीडिया प्रबंधन** |
| 29 सितम्बर (राज्य स्तर पर आयुष्मान दौड़ का आयोजन) | ➢ 7 किमी की आयुष्मान निरामयम् मैराथन।<br>➢ राष्ट्रीय स्वास्थय प्राधिकरण (NHA) को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।<br>**कार्यक्रम का नाम:–  आयुष्मान के लिए दौड़** |
| 30 सितम्बर (समारोह एवं पुरस्कार वितरण) | ➢ जिला स्तर पर पुरस्कार वितरण एवं जिला–कलेक्टर की अध्यक्षता में पखवाड़े मे किये गये कार्यो की समीक्षा।<br>**कार्यक्रम का नाम:–  समारोह और समीक्षा** |
| **नोट–** समस्त स्तरो पर 20 सितम्बर से 30 सितम्बर तक निरंतर किये जाने वाले कार्यक्रम | ➢ पंचायत स्तर में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (PVTG) एवं भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मण्डल हेतु आयुष्मान कार्ड एवं आभा आई.डी. का निर्माण।<br>➢ Health professional Registry (HPR) एवं Health Facility Registry (HFR) मे बढोत्तरी हेतु जिले द्वारा लिये गये विशेष पदक्षेप।<br>➢ भोपाल गैस राहत पीड़ितो एवं भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मण्डल अंतर्गत पात्र हितग्राहियों  से आयुष्मान संवाद का आयोजन।<br>➢ सड़क दुर्घटना ग्रसित पीड़ितो के लिये विशेष योजना कार्यक्रम।<br>➢ समस्त स्तर पर पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं समस्त नागरिकों की आभा आई.डी. का निर्माण कार्य। |

## आयुष्मान शपथ

हम यह संकल्प लेते है कि हम सब मिलकर बेहतर स्वास्थ्य का सन्देश फैलाएंगे, जिससे भारत आयुष्मान बनेगा। हम भी स्वस्थ रहेंगे और दुसरो को स्वस्थ रहने के लिए शिक्षित करेंगे। आयुष्मान भारत के वरदान से हम भारत को स्वस्थ बनाएँगे। हम इस बात का संकल्प लेते है कि स्वास्थ्य को ही धन समझेंगे, हम स्वस्थ रहेंगे और बेहतर स्वास्थ्य की मशाल जलाएंगे। हम संकल्प लेते है कि हम सफलतापूर्वक भारत को आयुष्मान बनाएँगे, हम सभी भारतीयों तक इस सन्देश को लेकर जाएंगे। जय हिन्द! जय भारत!